卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 107 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦22 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## उत्तराखण्ड में फिर भूकंप पिथौरागढ़ की धरती हिली

### रिक्टर पैमाने पर 3.8 मैग्नीट्यूट आंकी गयी तीव्रता



पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की धरती रविवार सुबह भूकंप के झटकों से डोल उठी। सुबह 8:58 बजे मुनस्यारी और तेजम तहसील क्षेत्र के तल्ला जोहार में रिक्टर पैमाने पर 3.8 मैग्नीट्यूट तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार भूकंप का केंद्र पिथौरागढ़ जिले के ही रामगंगा नदी किनारे रुइनाथल और उपराडा पाठक के निकट था। इसकी गहराई दस किमी थी। किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। बता दें विगत 12 जनवरी को उत्तरकाशी जिले में भूकंप में झटके महसूस किए गए थे। देर रात करीब 2:12 बजे आए भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी में दर्ज किया गया था। भूकंप की तीव्रता 2.9 मापी गई थी। दिसंबर माह में भी उत्तरकाशी में देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 18 दिसबंर को उत्तरकाशी में रात करीब 1 बजकर 50 मिनट पर भूकंप से धरती हिली थी।

## प्राधिकरणों में बंद हो लूटपाट:हरदा

देहरादून (उद संवाददाता)। प्राधिकरण को लेकर चल रहे घमासान के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए जिला विकास प्राधिकरणों की कार्यशैली सुधारने पर जोर दिया हैं। उन्होंने उन्होंने कहा कि प्राधिकरणों में लूटपाट नहीं होनी चाहिए। ऐसा होता है तो इसका विरोध होगा। बता दें पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और मौजूदा शहरी विकास मंत्री में प्राधिकरण को लेकर जुबानी जंग छिड़ी हुयी है। बीते दिनों प्रेमचंद अग्रवाल का भी इस मामले में बयान आया था उन्होनें कहा था कि कहा था कि उस समय जल्दबाजी में निर्णय लिया गया था। रविवार को इस मामले में सोशल मीडिया पर अपनी



एक पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि सावधानी पूर्वक काम करना एक कला है। मगर सावधानी इतनी नहीं होनी चाहिए कि काम ही न हों, जो व्यक्ति काम करता है उससे गलतियां होती हैं। जिससे गलतियां नहीं हुई हैं, इसका अर्थ है उसने कभी काम करने का प्रयास ही नहीं किया है। मैंने कभी यह दावा नहीं किया कि जब मैं मुख्यमंत्री था तो उस समय गलतियां नहीं हुई। मगर हमने निर्णय लिए और उनको क्रियान्वित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा में जो एक विवाद चल रहा है प्राधिकरणों को लेकर, प्रश्न यह नहीं है कि प्राधिकरण गलत हैं। प्राधिकरण एक व्यवस्थित विकास को आकार देने के लिए आवश्यक हैं। मगर प्राधिकरण नक्शा बनाते हों, जगह की क्षमता का आकलन करते हैं एक व्यवस्थित शहरीकरण, अर्धशहरीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा अवरोध मुक्त मार्गदर्शन देते हों तो स्वागत है और यदि पहले की तरीके से लूटपाट में लग जाएंगे, लोगों के मार्ग दर्शक के बजाए (शेष पृष्ठ सात पर)

## धोखे से बुलाकर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं फोन पर धोखे से बुलाकर एक व्यक्ति को अगवा करने के बाद अज्ञात लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर मध्य रात्रि रोड़वेज के पास फेंक दिया गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में लवप्रीत सिंह पुत्र बलजती सिंह निवासी बराडनगर ने कहा है कि 20 जनवरी को शाम उसके पास शमशेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र अमरीक सिंह निवासी हल्द्वानी लामा चौड़ का फोन आया। उसने उसे धोखे से मेन रोड पर बुलाया। जैसे ही वह मेन रोड़ पर पहुचा कि तभी 5-6 लोगों ने उसे जबरन गाडी में डाला और किसी फार्म (शेष पृष्ठ सात पर)

## रुद्रपुर में कार्यकर्ताओं से मिले अखिलेश यादव

रुद्रपुर। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रविवार को सपा नेता तेजेन्द्र विर्क के विर्क के आवास पर पहुंचे यहां पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अखिलेश ने कार्य इस दौरान अखिलेश से मिलने के लिए कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसके चलते सुरक्षा कर्मियों को भी कड़ी





लोक विहार कालोनी के निवास पर पहुंचे। इस दौरान उनसे मिलने के लिए कार्यकर्ताओं कीभीड़ उमड़ पड़ी। हल्द्वानी जाते समय सपा सुप्रीमो कुछ देर के लिए कर्ताओं से मुलाकात की और चुनावों को लेकर चर्चा की। अखिलेश यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जायें। मशक्कत करनी पड़ी। अखिलेश के एक कमांडो ने कार्यकर्ता को गाड़ी में बैठने पर लताड़ भी लगा दी। इस दौरान सुरक्षा के लिए रुद्रपुर पुलिस भी मुस्तैद रही।

## ढाई किलो चरस के साथ दो तस्कर दबोचे

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसओजी/एएनटीएफ व अल्मोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने 2.507 किग्रा चरस के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के तहत एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस एवं जनपद एसओजी/ एएनटीएफ



की संयुक्त टीम ने चैकिंग के दौरान लोधिया बैरियर से क्वारब की ओर जा रहे जीवन सिंहपुत्र किशन सिंह, निवासी ग्राम व पो0 परवड़ा, तहसील धारी, जिला नैनीताल के कब्जे से 1.303 किग्रा व प्रकाश सिंह बिष्ट पुत्र किशन सिंह (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिता पुत्र पर धोखाधड़ी से 18 ट्रेलर हड़पने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पार्टनरशिप में खोली गई कम्पनी में शामिल पिता पुत्र द्वारा धोखाधड़ी कर 18 ट्रेलर हडप लेने के शिकायती पत्र पर कार्रवाई करते हुए डीआइजी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। दर्ज रपट में करमजीत सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी रानीबाग काठगोदाम हल्द्वानी ने कहा है कि उसने अपने पुत्र परमजीत सिंह, सहित त्रिप्तवीर सिंह तथा उसके पिताजी जगदीप सिंह के साथ मिलकर एक रजिस्टर्ड कम्पनी आदर्श लजेस्टिक सन 2021 फरवरी में रूद्रपुर में स्थापित की। कम्पनी द्वारा 8 ट्रेलर (ट्रक बढ़े 10 टायर) खरीदे तथा ट्रान्सपोर्टेशन का कार्य जगदीप सिंह तथा उनके पुत्र त्रिप्तीवीर सिंह द्वारा त्रिप्तीवीर सिंह की कम्पनी में सारे ट्रेलर (ट्रक बढ़े 18 टायरा) चलवा दिए। करमजीत का कहना है पार्टनरशिप में खोली गयी कम्पनी का बैंक खाता नहीं खोला गया। उसके बारे में पूछे जाने पर जगदीप सिंह तथा त्रिप्तीवीर सिंह द्वारा बार-बार कोविड19 का कभी किसी और बात कहकर टालमटोली की गयी। फर्म को खोलने के लिए उसने 17 दिसम्बर 2020 को त्रिप्तीवीर सिंह की कम्पनी आदर्श ट्रान्सपोर्ट कम्पनी को नेपाल की कम्पनियों द्वारा जो हमें बिजनेस दे रहे थे 40 लाख रूपये खाते में ट्रान्सफर करवाया गया। 11 लाख रूपये त्रिप्तवीर सिंह के खाते में ट्रान्सफर किये गये। उसके द्वारा जो भी कार्य किये गये उसका विवरण सीए हरिप्रित सिंह को 8 माह पहले दे दिये गये, परन्तु त्रिप्तवीर सिंह व उसके पिता जगदीप सिंह के कहने पर सीए ने उन्हें किसी भी कार्य तथा आज दिन तक किसी भी एकाउण्ट की जानकारी नहीं दी। आरोप है 06 फरवरी 2021 को कम्पनी की कोई भी एक्टिवीटी न दिखाकर उपरोक्त फर्म आदर्श लोजिस्टिक कम्पनी को उसके तथा उसके पुत्र परमजीत सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कर उपरोक्त कम्पनी को क्लोज करने के वास्ते प्रार्थनापत्र जीएसटी ऑफिस में भेज दी गयीं। उन्हें यह जानकारी जीएसटी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## जुए पर दांव लगाते तीन जुआरी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। जुएं के गैरकानूनी ठिकाने पर दबिश देकर पुलिस ने ताश के पत्तों में बाजी लगाते तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से 1850 रुपयों की नकदी व पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता पाई। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए जुआरियों का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एसएसपी के निर्देश पर पुलिस टीम अवैध कार्यों के विरुद्ध क्षेत्र में अभियान चलाए हुए थे इसी बीच सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों में हार जीत की बाजी लगाते कुंडेश्वरी निवासी वसीम पुत्र लतीफ यही के सोनू कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार तथा आदित्य कुमार पुत्र किरण पाल को पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए घेराबंदी कर दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 1850 रुपयों की नगदी के अलावा ताश की गड्डी बरामद करते हुए तीनों जुआरियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गए जुआरियों से जरूरी पूछताछ के बाद उनका गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

### खाईबाड़ी करता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं गश्त के दौरान पुलिस ने खाईबाड़ी कर रहे एक सट्टेबाज को हजारों की नगदी सट्टापर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि हरविन्द्र कुमार साथी पुलिस कर्मी कांस्टेबल विजय पाल, राजेन्द्र अधिकारी के साथ गश्त करते रामपुर रोड पहुंचे। मुखबिर की सूचना पर वह एएन झा इण्टर कालेज के पास मैदान में पहुचे जहां एक व्यक्ति खाईर्बाड़ी करता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता धीरज (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर से स्कूल गया छात्र संदिग्ध हालातों में लापता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक 17 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने युवक की सकुशल बरामदगी को लेकर ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर देकर गुहार लगाई है। ट्रांजिट कैंप निवासी मनोज पुत्र बलराम



ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 17 वर्षीय पुत्र सुमित शनिवार को घर से स्कूल के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटा। बताया कि उनका पुत्र सरस्वती शिशु निकेतन जूनियर हाई स्कूल में पढ़ता है। बताया कि उन्होंने काफी जगह सुमित की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। परिजनों के अनुसार सुमित ने लाल स्वेटर, नीली पैंट और काले जूते पहने थे और वह अपने साथ नीला स्कूल बैग लेकर भी निकला था। परिजनों ने सुमित की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि अगर सुमित का कहीं पता चले तो उन्हें सूचित करें।

## कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत:राजेन्द्र बिष्ट

### भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षो का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा मण्डल अध्यक्षो घोषणा के बाद रविवार को बगवाड़ा स्थित जिला कार्यालय जिला उधम सिंह नगर के सभी मण्डल अध्यक्षो का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित एव वंदे मातरम गीत गाकर हुआ ओर सभी मण्डल के अध्यक्षो को फूल मालाओ ओर शॉल ओढ़ाकर समानित किया। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश से मुख्य रूप से आये प्रदेश के महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन की रचना करते हुए प्रदेश से लेकर मण्डल स्तर तक घोषणा कर दी है और मण्डल की (शेष पृष्ठ सात पर)





# जोशीमठ के लिये आपदा राहत पैकेज की दरकार





देहरादून। सीमांत चमोली जिले के आपदाग्रस्त जोशीमठ शहर को बचाने के मद्देनजर धामी सरकार गंभीरता से जुटी है। इस कड़ी में केंद्र को भेजा जाने वाला राहत पैकेज का प्रस्ताव दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। यह मुख्य रूप से जोशीमठ के पुनर्निर्माण, ढलान की स्थिरता, आपदा प्रभावितों का पुनर्वास और आजीविका विकास पर केंद्रित होगा। शासन इन दिनों राहत पैकेज का ड्राफ्ट तैयार करने में जुटा है। जल्द ही इसे केंद्र को भेजा जाएगा। जोशीमठ के पुनर्निर्माण, आपदा प्रभावितों के पुनर्वास समेत अन्य बिंदुओं के दृष्टिगत सरकार को बड़ी धनराशि की आवश्यकता है। इसे देखते हुए अपने स्रोतों से वित्तीय संसाधन जुटाने के साथ ही केंद्र सरकार को भी जोशीमठ के लिए राहत पैकेज का प्रस्ताव भेजा जाना है। कैबिनेट के इस निर्णय के मद्देनजर शासन द्वारा सभी बिंदुओं पर गंभीरता से मंथन कर राहत पैकेज का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जोशीमठ के पुनर्निर्माण और प्रभावितों के पुनर्वास पर सर्वाधिक खर्च आएगा। इन दोनों विषयों के अलावा जोशीमठ के सुनील वार्ड से लेकर एटीनाला व अलकनंदा नदी तक के क्षेत्र वाले ढलान को स्थिर करने के उपायों के लिए अच्छी-खासी धनराशि की जरूरत पड़ेगी। इन सब विषयों को राहत पैकेज का हिस्सा बनाया जा रहा है। जोशीमठ के आपदाग्रस्त क्षेत्र को बचाने के लिए वहां की ढलान को स्थिर किया जाना है, जो भूधंसाव के कारण दरक रहा है। सूत्रों के अनुसार इस ढलान को स्थिर करने के लिए माइक्रो पाइल तकनीक पर भी विचार चल रहा है। इसमें ढलान की मिट्टी को स्थिर करने के लिए अस्थायी आवरण का उपयोग कर भूमि में ड्रिल की जाती है। इसके लिए कंक्रीट, स्टील व लकड़ी का उपयोग कर चट्टान में ड्रिल कर सुरक्षात्मक उपाय कर मिट्टी को स्थिर किया जाता है। इसके अलावा अन्य कई विकल्पों पर भी विचार चल रहा है। सुरक्षात्मक उपाय भी राहत पैकेज का हिस्सा होंगे। आपदाग्रस्त क्षेत्र से खतरनाक भवनों को हटाने व सुरक्षात्मक कदम उठाने के बाद वहां पार्क अथवा ऐसी हल्की संरचनाएं बनाई जाएंगी, जिससे भूमि पर भार न पड़े। राहत पैकेज में इसे भी शामिल किया जा रहा है। यानी, इस क्षेत्र में बड़े निर्माण किसी भी स्थिति में नहीं होंगे। जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए कोटीग्राम, पीपलकोटी, एचआरडीआइ की भूमि, ग्राम जाख व गौचर का चयन किया है। ऐसे में पुनर्वास को बड़ी धनराशि की जरूरत होगी। साथ ही प्रभावितों के लिए आजीविका की व्यवस्था होनी है। यही नहीं, अस्थायी पुनर्वास के लिए भी प्री-फेब्रिकेटेड घरों का निर्माण होना है। केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले राहत पैकेज के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जोशीमठ में अभी सर्वे चल रहा है और चमोली के डीएम को इसे जल्द पूर्ण करने को कहा गया है, ताकि सभी विषयों को राहत पैकेज में शामिल किया जा सके।

## देवस्थानम बोर्ड होता तो पुनर्निर्माण के लिये सरकार को भटकना नहीं पड़ता: त्रिवेंद्र सिंह

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का देवस्थानम बोर्ड को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने तत्कालीन सरकार में देवस्थानम बोर्ड के गठन के फैसले को दूरगामी सोच बताते हुए कहा है कि यदि बोर्ड होता तो उसकी आय से ही जोशीमठ का पुनर्निर्माण किया जा सकता था। पूर्व सीएम ने कहा कि जोशीमठ में पुनर्निर्माण सरकार को पैसों के लिए भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि वह सबको अपनी बात समझा नहीं पाए। जोशीमठ में भूधंसाव से आई आपदा के संबंध में मीडिया से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देवस्थानम बोर्ड होता तो उससे 125-150 करोड़ की आय हो गई होती। केवल चारधाम यात्रा से ही जो आय प्राप्त होती, उससे जोशीमठ का पुनर्निर्माण किया जा सकता था। पैसों के लिए भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि कुछ फैसले दूरगामी सोच के साथ लिए जाते हैं। वह यह बात सबको समझा नहीं पाए। देवस्थानम बोर्ड का गठन भाजपा की त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार के कार्यकाल में हुआ था। सरकार ने 25 फरवरी, 2020 को इसकी अधिसूचना जारी कर बोर्ड का गठन किया था। मुख्यमंत्री को बोर्ड का अध्यक्ष और धर्मस्व व संस्कृति मंत्री को उपाध्यक्ष बनाया गया। तत्कालीन गढ़वाल मंडलायुक्त रविनाथ रमन को बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का पद सौंपा गया। मुख्य सचिव समेत कई अधिकारी इसके सदस्य बनाए गए। बोर्ड के गठन के बाद से ही हक-हकूकधारियों और पंडा समाज ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। स्थिति यह बनी कि त्रिवेंद्र सिंह रावत के बाद मुख्यमंत्री पद संभालने वाले तीरथ सिंह रावत सरकार को बोर्ड के संबंध में कदम पीछे खींचने के संकेत देने पड़े थे। तीरथ के बाद मुख्यमंत्री बने पुष्कर सिंह धामी ने पहल उच्च स्तरीय समिति और फिर मंत्रिमंडल की उप समिति की रिपोर्ट के बाद 30 नवंबर, 2021 को बोर्ड भंग कर दिया था। अब जोशीमठ भूधंसाव प्रकरण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देवस्थानम बोर्ड को लेकर अपना मंतव्य जाहिर कर दिया।

## भू-धंसाव से प्रभावित जोशीमठ में अब विस्थापन के लिये एकमत नहीं हो रहे लोग

जोशीमठ। नगर का पुनर्वास सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। सरकार जहां अभी तक पुनर्वास, विस्थापन को लेकर कागजी लेखाजोखा तैयार नहीं कर पाई है। प्रभावित एकमत नहीं हैं। कुछ लोग जहां वन टाइम सेटलमेंट की बात कह रहे हैं तो कई लोग अपनी जड़ों को छोड़ना नहीं चाहते हैं। भूधंसाव से प्रभावित क्षेत्र के 269 परिवारों को अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। ये प्रभावित अपने भविष्य को लेकर भी चिंतित हैं। प्रभावितों के अनुसार सरकार मकान, खेत का आकलन कर बदरीनाथ की तर्ज पर मुआवजा दें जिससे वे अपना वन टाइम सेटलमेंट कर सके। कुछ लोगोंका कहना है कि वह आखिरी सांस तक जोशीमठ नहीं छोड़ेंगे। इस मिट्टी में जन्में, पले-बढ़े, ऐसे में अन्यत्र विस्थापन का सवाल ही नहीं बनता। सरकार, जोशीमठ का स्थायी ट्रीटमेंट करते हुए मास्टर प्लान के तहत प्रभावितों के आवास बनाकर दे। साथ ही भूधंसाव से जो क्षति हुई है उसका मुआवजा भी उन्हें मिले। प्रभावित, पुनर्वास के लिए चिह्नित किए जा रहे भू स्थलों को लेकर भी एकमत नहीं है। भूधंसाव से प्रभावित जोशीमठ का विस्थापन आसान नहीं है। यह चीन सीमा से लगा भारत का सीमांत नगर है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सीमांत नगर, गांवों को प्रथम गांव कह रहे हैं। वहीं, पर्यटन के जरिए इन क्षेत्रों को विकसित करने की बात हो रही है। ऐसे में जोशीमठ का अन्यत्र विस्थापन का मतलब नगर को खत्म करने जैसा होगा, जो सामारिक सुरक्षा के साथ सामाजिक ढांचे के लिए शुभ नहीं है। प्रभावितों का कहना है कि अन्यत्र विस्थापन, पुनर्वास से उनका वर्षों पुराना व्यवसाय, रोजगार चौपट हो जाएगा। पर्यटन से जुड़े विवेक पंवार व महादेव पंवार का कहना है कि जोशीमठ में सैकड़ों लोग अलग-अलग व्यवसाय से जुड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। भूधंसाव से प्रभावित नगर में अभी तक 849 मकान और 269 परिवार प्रभावित हुए हैं। साथ ही 181 भवन असुरक्षित चिह्नित किए गए हैं। जिस तरह से हालत उपजे हैं, उससे यह आंकड़ा और बढ़ सकता है।

# बसंत पंचमी पर होगा बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि का ऐलान

जोशीमठ। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी। इससे पहले 26 जनवरी को बसंत पंचमी पर बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाएगी। जबकि केदारनाथ के कपाट खुलने की तिथि 18 फरवरी को शिवरात्रि के दिन तय की जाएगी। वहीं, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को खुल जाएंगे। जोशीमठ में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग भी भू-धंसाव की चपेट में है। लाखों हिंदुओं की आस्था के केंद्र

### बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग भू-धंसाव की चपेट मे,निर्माण पर भी रोक

बदरीनाथ की तरफ जाने वाले इस एकमात्र मार्ग के कई हिस्सों में एक से दो मीटर तक दरारें आई हैं। सरकार फिलहाल मार्ग के ट्रिटमेंट की बात कर रही है, लेकिन यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग को सुचारू रखना सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी। बदरीनाथ हाईवे धार्मिक ही नहीं सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। हाईवे पर आई बड़ी-बड़ी दरारें सरकार की चिंता का बड़ा कारण बन गई हैं। यदि दरारें नहीं थमीं तो हाईवे का एक बड़ा हिस्सा कभी भी जमींदोज हो सकता है। ऐसे हालात में बदरीनाथ धाम ही नहीं भारतीय सेना चीन की सीमा से कट सकती है। इस मार्ग पर जोशीमठ में स्टेट बैंक के सामने, मुख्य बाजार में लोनिवि गेस्ट हाउस के नीचे, जेपी कॉलोनी और मारवाड़ी में भी एक से दो मीटर तक की दरारें आई हैं। क्षेत्र का दौरा कर लौटे भू-विज्ञानी प्रो. एमपीएस बिष्ट ने बताया कि हाईवे पर दरारों का पैट्रन समानांतर और क्रास क्रेक का है। इनका समय पर उपचार किया जाना जरूरी है। इसके अलावा सड़क के किनारे धंस रहे बड़े-बड़े बोल्डर भी चिंता बढ़ा रहे हैं। सीमांत जिले चमोली के जोशीमठ से बदरीनाथ की दूरी करीब 46 किमी है। बदरीनाथ से आगे का रास्ता चीन सीमा की ओर जाता है। इसी के तहत यहां चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत हेलंग से जोशीमठ बाईपास का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन भू-धंसाव के बाद इसके निर्माण पर भी रोक लगा दी गई है। हालांकि अब शासन स्तर पर पुनः मार्ग पर काम शुरू करने की संभावनाओं को तलाश जा रहा है। लेकिन यह पूरी तरह से आईआईटी रुड़की तकनीकी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। जोशीमठ में हेलंग से मारवाड़ी तक बनाए जाने रहे बाईपास को बनने में समय लग सकता है। इस मार्ग में हेलंग और मारवाड़ी दोनों तरफ के चट्टानों को काटने का काम किया जा रहा था। करीब तीन किमी तक कटिंग हो चुकी है। लेकिन इसमें दो बड़े पुल भी बनने हैं, इनके निर्माण में समय लग सकता है। ऐसे में यदि रात दिन भी इस सड़क पर काम किया जाए तो यह कहना मुश्किल है कि यात्रा से पहले यह मार्ग शुरू हो पाएगा।

# प्रदूषण मानकों का उल्लंघन कर संचालित हो रही दो फैक्ट्रियां सीज

### रूड़की में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 ईंट भट्ठों को किया बंद

कोटद्वार। पौड़ी जिले कोटद्वार में जिलाधिकारी डा.आशीष चौहान ने बीती रात जशोधरपुर औद्योगिक आस्थान क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रदूषण मानकों का उल्लंघन कर संचालित दो इकाईयों को सीज कर दिया गया। जशोधरपुर औद्योगिक आस्थान क्षेत्र में फर्नेश फैक्ट्रियां हैं, जहां लोहे से कचरे को गलाकर इंगट व सरिया बनाया जाता है। आस्थान क्षेत्र में स्थित फैक्टियों में लोहा गलाने के लिए भट्टियां लगी हुई हैं, जिसका धुंआ खुले आसमान में फैलता है। आमजन की शिकायत के बाद हरकत में आए पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने फैक्ट्री संचालकों को भट्टियों पर लगी चिमनियों में फिल्टर लगाने के निर्देश दिए थे। बोर्ड को ओर से फैक्ट्री संचालकों को इस कार्य के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था। कई संचालकों ने आज तक भट्टियों में मानकों के अनुरूप प्रदूषण रोकने के लिए व्यवस्था नहीं की है। प्रशासन की ओर से इस मामले में लगातार छापेमारी भी चल रही है। बीती रात जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान के नेतृत्व में प्रशासन की टीम औद्योगिक आस्थान क्षेत्र में पहुंची। जहां दो फैक्ट्रियों में मानकों के अनुरूप प्रदूषण रोकने की व्यवस्था नहीं पाई गई। उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों की अवहेलना के मामले में सूमो स्टील व अमृतवर्षा स्टील को सीज कर दिया गया है। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की टीम ने शनिवार को रुड़की के लंढौरा क्षेत्र में ईंट भट्ठों पर छापेमारी की। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों का अनुपालन न होने पर पीसीबी की टीम ने 13 ईंट भट्ठों को सील कर दिया है। पीसीबी की कार्रवाई जारी है, जिसके चलते क्षेत्र के ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। पीसीबी ने एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल) के निर्देश पर यह कार्रवाई की है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों पालन न करने पर करीब एक साल पहले पीसीबी ने एनजीटी के निर्देश पर 45 ईंट भट्ठों को नोटिस जारी किया था। उन्हें व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए गए थे। शनिवार को एनजीटी के निर्देश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सुभाष पंवार के नेतृत्व में लंढौरा, टिकौला आदि क्षेत्र में स्थित उन ईंट भट्ठों की जांच की गई, जिन्हें पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे। 13 ईंट भट्ठों पर पीसीबी के मानकों का उल्लंघन मिला है, जिसके चलते पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी सुभाष पंवार ने इन सभी 13 ईंट भट्ठों को सील कर दिया गया है। पीसीबी की ओर से अभी कार्रवाई जारी है। अधिकारियों का कहना है कि अभी कार्रवाई जारी रहेगी। अन्य ईंट भट्ठे भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। विभाग की इस कार्रवाई के चलते क्षेत्र के ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# विभागों में भ्रष्टाचार की शिकायत पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए

देहरादून (उद संवाददाता)। भर्तियों में एक के बाद एक खुल रहे घपलों के बीच प्रदेश सरकार आक्रामक मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को साफ कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को और सख्त बनाया जाएगा। सरकारी कामकाज में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर अफसर-कर्मचारियों के खिलाफ तुरंत और सख्त एक्शन लिया जाएगा। सीएम के निर्देश पर मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु ने सभी विभागों को सरकारी कार्यप्रणाली पूरी तरह से भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के संबंध पत्र भेजा है। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग की ओर से जारी पत्र में शासन के सभी उच्चाधिकारियों को ताकीद किया गया है कि उनके अधीन विभागों व दफ्तरों में किसी भी प्रकार से किसी भी स्तर के भ्रष्टाचार पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। कहा, राजकीय कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार के प्रयास हो रहे हैं, पर इनमें अभी और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिये टोल फ्री नंबर 1064 को आम जनता के हित में और अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रष्टाचार को रोकने तथा घूसखोरी जैसे कृत्यों की रोकथाम में राज्य अभिसूचना इकाइयों के प्रयासों को सराहा। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकारी कार्यप्रणाली को पूरी तरह से भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों और आम नागरिकों का सहयोग लें। अभिनव प्रयास कर ऐसी कार्य संस्कृति बनाएं कि आमजन की समस्याओं का समाधान और सरकारी कामकाज का निपटारा तेजी से और पूरी पारदर्शिता के साथ हो।

# डीएम ने दिये जांच करने के दिए निर्देश

## पालिकाध्यक्ष और हेरीटेज कंपनी के मैनेजर ने डीएम को दी लिखित शिकायत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर उत्तरायणी मेले में पहली बार पहुंची हेली सेवा का जहां लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया, वहीं विवाद भी गहराते रहे। अब यह विवाद लिखित रूप से जिलाधिकारी के पास पहुंच गया है। नगर पालिकाध्यक्ष तथा हेली सेवा दे रही हेरिटेज कंपनी ने पुलिस व एसओजी पर सेवा रोने का आरोप लगाया है। साथ ही पालिका ने डेढ़ लाख रुपये का नुकसान होने की बात भी कही है। पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कहा कि इस बार उन्होंने मेलार्थियों के मनोरंजन के लिए हेली सेवा मंगाई। इसकी जिला प्रशासन से अनुमति ली गई थी। डिग्री कॉलेज मैदान से उड़ान भरी जा रही थी। हेली सेवा का भुगतान भी पालिका को करना है। 19 जनवरी की शाम करीब चार बजे पुलिस प्रशासन के कर्मियों द्वारा हेलीपैड में पहुंचकर पायलट तथा अन्य कर्मियों के साथ अभद्रता की। जिस कारण पालिका को सेवा रोकनी पड़ी। उस वक्त तक उनके 40 टिकट बिके थे जिन्हें बैठाया जाना था। कई सेवा का लाभ लेने के इच्छुक बैठे थे। पुलिस के इस रवैये से उन्हें 1.50 लाख का नुकसान हुआ है। उन्होंने मामले की जांच कर कर्रवाई की मांग की है। इधर हेरिटेज के बेस मैनेजर मनीष भंडारी ने डीएम को लिखित शिकायत कर बताया कि 19 जनवरी को चार-पांच लोग सिविल ड्रेस में थे। जो एसओजी के थे। उन्होंने कॉलेज मैदान में बने हेलीपैड में पहुंचकर पायलट, इंजीनियर के साथ अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। इस कारण उन्हें सेवा रोकनी पड़ी। उस वक्त करीब 40 लोग टिकट लेकर वहां मौजूद थे। उन्होंने जांच की मांग कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

> पुलिस द्वारा सुरक्षा मानकों के चलते हेली सेवा को अपनी व्यवस्था करने के लिए कहा गया था, मामले में पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार से अभद्रता नही की गई है, मामले जांच कराई जा रही है, यदि कई भी पुलिस के किसी भी अधिकारी या पुलिस कर्मी द्वारा कोई अभद्रता की गई होगी जांच में दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- हिमांशु वर्मा, पुलिस अधीक्षक-बागेश्वर**
>
> नगर पालिकाध्यक्ष व हेरिटेज कंपनी की लिखित शिकायत उन्हें मिल गई है। एसडीएम सदर को जांच कर जांच रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं, जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- अनुराधा पाल, जिलाधिकारी बागेश्वर।**

**शीघ्र आवश्यकता है**

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1.**रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम**, अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

**पता**-7&8 ,**रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाइवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रुद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर**
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

**अरोरा डेन्टल केयर**
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# जनपद में मतदाता दिवस मनाये जाने के लिए बनाई रणनीति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाये जाने हेतु विकास भवन सभागार में आवश्यक बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद में 25जनवरी को समस्त सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालयों/शिक्षण संस्थानों/तहसील/विकास खण्ड/स्थानीय निकाय कार्यालयों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्सव के रूप मे मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष/ कार्यालया अध्यक्ष अपने-अपने कार्यालयों में अपरान्ह 1 बजे से आरम्भ करते हुए 'मैं भारत हूँ' गीत का प्रसारण करते हुए आयोग द्वारा निर्धारित शपथ दिलाई जायेगी। उन्होने मुख्य शिक्षा अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) को मतदाता दिवस से सम्बन्धित कार्यक्रम मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम, रूद्रपुर में आयोजित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों निर्देश दिये कि कोविड के नियमों को ध्यान रखते हुए समस्त प्रिन्ट, टीवी, रेडियो विज्ञापन, शोसल मीडिया अभियान क्षेत्रीय कायक्रमों एवं पारस्परिक संचार को सम्मिलित करते हुए समस्त कार्यक्रम आयोजित किये जाये। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस की विषय वस्तु थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे का विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों में प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होने बताया कि इस अवसर पर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें नये पंजीकरण करवाये जाने वाले व्यक्तियों को उचित सुविधा प्रदान की जायेगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केन्द्र पर उपस्थित समस्त व्यक्तियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस संबंधी शपथ दिलवायी जायेगी साथ ही शपथ की प्रति का वाट्सअप के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाये। उन्होने सहायक नोडल अधिकार स्वीप को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा प्रेषित 'मैं भारत हूँ' गीत का प्रसारण जनपद के अन्तर्गत सिनेमा हॉल/थियेटरों में सार्वजनिक सेवा संदेश के रूप में प्रदर्शित करवायें। मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी विजिय तिवारी को निर्देश दिये कि जनपद के समस्त बीएलओ के माध्यम से 'मैं भारत हूँ' गीत के लिंक का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक परिवार जनों तक सम्ब्न्धित वाट्स्प ग्रुप के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें। उन्होने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त गीत का प्रचार समस्त स्कूलों/कालेजों एवं शिक्षण संस्थानों आदि में भी किया जाये। उन्होने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त गीत समस्त नगर निकायों में अधिशासी अधिकारियों के माध्यम से कार्यालयो एवं कूडा़ उठाने वाले वाहनों में भी चलाने हेतु पत्राचार करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सिडकुल में औद्योगिक संस्थानों में भी गीत एवं शपथ दिनाई जाये। इस अवसर मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, मुख्य कृषि अधिकारी ऐके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला पंचायत राज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, सीओ आरसी मठपाल सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए किया विचार विमर्श

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। 26 जनवरी से होने वाली देशव्यापी 'हाथ से हाथ जोड़ो' यात्रा की सफलता के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। ट्रांजिट कैंप के जन्मभूमि हाई स्कूल के परिसर में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर 26 जनवरी से प्रारंभ होने वाली 'हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा' को कामयाब बनाने हेतु विचार विमर्श किया। इससे पूर्व महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगदीश तनेजा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और विधानसभा रुद्रपुर से विधायक पद के लिए कांग्रेस की प्रत्याशी रही पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने जिला पर्यवेक्षक श्रीमती ममता हालदार और सहायक पर्यवेक्षक ठाकुर संजीव कुमार सिंह का फूल मालाएं पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। बाद में वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण पार्षद गण पूर्व पार्षद गण आदि ने विचार विमर्श कर 26 जनवरी से प्रारंभ होने वाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की। इस अवसर पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं पार्षद गणों पर अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को लाने की जिम्मेदारी डाली गई। उल्लेखनीय है कि रुद्रपुर में 26 जनवरी से प्रारंभ होने वाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा ट्रांजिट कैंप में आयोजित की जाएगी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के सीएलपी लीडर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशपाल आर्य भी शामिल होंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बाबरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपालकृष्ण भसीन, जहांगीर उबेद कुरैशी, पूर्व प्रधान विजय यादव राजेश सिंह, विजय अरोरा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान, कांग्रेस नेता परिमल राय, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष रहे दिलीप अधिकारी, यूथ कांग्रेस की सोफिया नाज, निशांत शाही, मानस वैरागी, नंदशेखर गांगुली, राजेश कुमार, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद महानगर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामदयाल सिंह पूर्व मेयर प्रत्याशी ममता रानी, सुनील आर्य, निगम पार्षद सुशील मंडल मोनू निषाद, मोहन भारद्वाज, कैलाश राठौर, अबरार अहमद, अशफाक अहमद, प्रीति साना , सपना गिल, उमा सरकार, रामाधारी गंगवार, रणजीत सिंह राणा, अर्जुन विश्वास, विपिन रस्तोगी मधु विश्वास, उमर अली, सलमानी उमर खान, भूपेश सोनी,राधे श्याम बंसल, राजेंद्र शर्मा, राजीव कामरा,अरविंद सक्सेना, अजय यादव, राजेंद्र राठौड़,आशीष यादव, फरमान सिद्दीकी, कमलेश गुप्ता, राजीव यादव, श्रवण गुप्ता, आसित बाला, रंजीत तिवारी, कांता प्रसाद गंगवार, नारायण हालदार, सुभाष दिवाकर, अमीर हुसैन, शिव पद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा ने किया।

# पशुचिकित्सा शिविर में दर्जनों लोग हुए लाभान्वित

हल्दूचौड़ (उद संवाददाता)। माधवी फॉउंडेशन द्वारा सचल पशु चिकित्सालय, भीमताल व पशुपालन विभाग के संयुक्त सहयोग से पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन जगदीश चंद्र जोशी सभागार, दौलिया , हल्दुचौड़ में किया गया। उक्त शिविर में लगभग 40 पशुपालकों को दवाई इत्यादि का वितरण किया गया। इस दौरान श्रीमती सरिता तड़ागी, पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट ने पशुपालको को विभन्न दवाओं के संबंध में अवगत कराया ।उक्त शिविर में डॉक्टर जी एस खाती( पशु चिकित्सा अधिकारी लाल कुआं ) द्वारा पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में पशुपालकों को उपयोगी जानकारी दी गयी।इस दौरान माधवी फॉउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जोशी ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा ऐसे शिविरों का आयोजन होना विभाग की सजगता व पशुपालको के प्रति समर्पण को दर्शाता है साथ ही उन्होंने जनता में जागरूकता की कमी व आघे आने वाले शिविरों का लाभ लेने की अपील की। उक्त शिविर में माधवी फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जोशी,ग्राम प्रधान हरीश बिरखानी,ग्राम पंचायत सदस्य पुष्पा जोशी,पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट सरिता तड़ागी, पशुधन प्रसार अधिकारी गोविंद बल्लभ सती,केशव दत्त पांडे, दीपा जोशी,कार्तिक बमेठा,कमल उपाध्याय,शांति दुमका ,तुलसी कांडपाल,गीता पांडेय,दयाल पांडे सहित दर्जनों लोग मौजुद रहे।



# सूचना विभाग के नए वार्षिक कैलेंडर का सीएम ने किया विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड के वार्षिक कलेण्डर नमामि देवभूमि 'संकल्प नये उत्तराखण्ड का' का विमोचन किया। इस वार्षिक कलेण्डर के माध्यम से उत्तराखण्ड के प्रमुख धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, उत्तराखण्ड की शिल्पकला, चित्रकला, लोककला एवं पौराणिक मंदिरों की जानकारी फोटो के माध्यम से दी गई है। इस वार्षिक कलेण्डर में जन जागरूकता के दृष्टिगत महिला हेल्पलाईन नम्बर 1090, किसान कॉल सेंटर नम्बर 1551, सीएम हेल्पलाईन नम्बर 1905, चाइल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098, आयुष्मान उत्तराखण्ड हैल्पलाईल नम्बर 104 एवं आपदा कॉल सेंटर नम्बर 1070 की जानकारी भी दी गई है। इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, अपर निदेशक आशिष त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय, उप निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं रवि बिजारनियां उपस्थित थे।



# कोई दे ना सहारा दे हमें तेरा सहारा है

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में सजा भव्य दरबार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार, श्रीबालाजी मंदिर, दिनेशपुर में भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनीहाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार में सभी भक्तो ने शारीरिक दूरी का पालन किया एवं मास्क का भी पूर्ण प्रयोगकिया गया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूलमालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध करदिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनोंकी श्रृंखला में सचिन मुरली ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, शिव कुमार ने आया मैं आया, बिट्टु अरोरा ने



मझदार में है नईया बड़ीदूर किनारा है, अजय जायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबा, महेंद्र बंसल ने हे राम तेरे जग में जीना बड़ी मुश्किल है, राजेश अग्रवाल नेअंजनी के लाल हनुमान आज मेरे संकट हरो, पंकज सिंघल ने मैं क्या बोलू बाला जी, कृष्ण छाबड़ा ने चरणो का दास बनालो मेरे बजरंगीबाबा, प्रदीप यादव ने कोई दे ना सहारा दे मुझे तेरा सहारा है, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिए, योगेश सिघोरिया ने हेदुखभंजन मारुति नंदन, रोहन भटनागर ने कीर्तन की है रात बाबा आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबाका पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवंबाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, गगन ग्रोवर, विजय चिलाना, सुरेश मित्तल, सौरभ अग्रवाल, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, खरैत कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, अंश अरोरा, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, महेंद्र बंसल, राजेश अग्रवाल, पंकज सिंघल, योगेश सिगोरिया, रोहन भटनागर, गुड्डू, प्रेम पाल, पीयूष अरोरा, रवींद्र चौहान, पंकज गर्ग, सूरज रोगा, नरेश कोली, विशाल कोली, दीपक सैनी, पवन अरोरा, केशव अरोरा, माधव खुराना, अमित अग्रवाल, त्रिलोक पुजारा, भरत शर्मा, मनीष मुंजाल, गौरव कोचर, पवन खेड़ा, सचिन मुरली, अमन श्रीवास्तव मोहित नारंग एवंगौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

# सूचना आयोग की एक बैंच हल्द्वानी में खोलने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।हल्द्वानी तहसील पर सूचना आयोग की एक बैंच खोले जाने की घोषणा पर आर टी आई कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी तहसील परिसर में सूचना आयोग की एक बेंच खुलने से कुमाऊं के सभी आरटीआई कार्यकर्ताओं को अपील के लिए देहरादून जाना पड़ता था अब दूसरी अपील के लिए देहरादून नहीं जाना पड़ेगा। अब अपीलार्थी हल्द्वानी तहसील परिसर सूचना आयोग बैंच हल्द्वानी पर सुनवाई हो सकेगी। पूर्व में आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत गोनिया, नानक चंद, जितेंद्र रौतेला के किए गए प्रयास एवं मेहनत रंग लाई। इस अवसर हरीश रावत, मनोज अग्रवाल, विलियम, राजेश रावत, अजय गुप्ता,



विजय गुप्ता, इंजीनियर दिनेश सिंह, मनीष पाल, आशीष शर्मा, जगमोहन बगड़वाल, विशंभर कांडपाल, मनोज अग्रवाल, अतुल बिष्ट, रूपा अधिकारी, कविता बिष्ट, खष्टी बिष्ट, रितु बिष्ट सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी। उनका कहना था 3 जून 2022 को आरटीआई कार्यकर्ताओ की बैठक सर्किट हाउस में मुख्य सूचना आयुक्त अनिल पुनेठा के साथ की गई थी। जिस पर आयोग ने इस विषय पर संज्ञान लेकर सूचना आयोग की एक बैंच हल्द्वानी में खोलने का आग्रह भी किया गया था। आरटीआई क्लब(रजि०) देहरादून के अध्यक्ष डॉक्टर बीपी मैठाणी ने भी यह मांग उठाई थी।

# काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण कार्य जल्द शुरू होगा: अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर पीडब्ल्यूडी विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर विधानसभा के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो को लेकर मौजूदा स्थिति पर चर्चा की वही राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की मौजूदा स्थिति में तेजी लाते हुए कार्यो को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने को कहा। विधायक शिव अरोरा ने बैठक में मुख्य रूप से अति महत्वपूर्ण विषय काशीपुर बाईपास रोड चौड़ीकरण को लेकर ली,जिसमें आपको ज्ञात होगा। पूर्व विधायक द्वारा उस पर लिखित पत्र लिख कर पूर्व में प्रस्तावित चौड़ीकरण हेतु धनराशि को यह कहते हुए निरस्त करवा दिया था कि इसके चौड़ीकरण की रुद्रपुर शहर में कोई आवश्यकता नही है जबकि वर्तमान समय मे रुद्रपुर विधानसभा की बहुत बड़ी आबादी प्रति दिन गाबा चौक से लेकर डीडी चौक को इस मार्ग का उपयोग करती है। काफी संख्या में स्कूल भी है और घन्टों जाम की स्थिति और आये दिन दुर्घटना सामने आती रहती है। विधायक शिव अरोरा ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पिछले विधानसभा सत्र में उठाया



था और उसके बाद विधायक ने इस प्रस्ताव को पुनर्जीवित करने की कवायद शुरू कर दी थी जिसके लिये उन्होंने बीते दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात कर चौड़ीकरण के प्रस्ताव को पुनर्जीवित करने के लिये लिखित पत्र दिया था और सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम से भी मुलाकात कर इस प्रताव के पुनर्जिवित करने के लिये देहरादून सचिवालय लम्बी वार्ता की थी, जिसके उपरांत रुद्रपुरवासियो के बेहद हर्ष का विषय है कि काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण प्रताव के सन्दर्भ में 12 जनवरी को हुए आदेश में शुरुआती कार्य हेतु जल संस्थान को पानी की लाइनों व विद्युत विभाग के पोल लाइने शिफ्ट करने के लिये दोनों विभाग को 1.67 करोड़ की धनराशि निर्गत कर दी गयी है और पीडब्ल्यूडी विभाग को सर्वे करने के लिये आदेश दे दिये गये है। विधायक ने कहा निश्चित रूप से यह रुद्रपुर शहर की बहुत महत्वपूर्ण जरूरत है। इस चौड़ीकरण के कार्य होते ही क्षेत्रवासियों को जाम से निजाद मिलेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा जल्द ही इसका कार्य धरातल पर प्रारम्भ हो जायेगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा उनकी सोच रुद्रपुर को बेहतर बनाने की है और उसके लिये ही जनता ने उनको अपना प्रतिनिधि चुना है पूर्व के जनप्रतिनिधि द्वारा रुद्रपुर की जनता को सिर्फ सपने दिखाने का कार्य किया गया जो धरातल दस साल तक कुछ नजर नही आया वह सिर्फ बोलने में ही नजर आये, कार्य करने में शून्य रहे। वही शिव अरोरा ने कहा आपका सेवक बोलने में कम कार्य करने में विश्वास रखता है।

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

सितारगंज(उद संवाददाता)। क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। इससे गांव में गमगीन माहौल हो गया। वहीं परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे माता-पिता के अलावा गर्भवती पत्नी और एक बिटिया को छोड़ गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।शनिवार को कोतवाली के एसआई जर्नादन भट्ट ने बताया कि पिंडारी गांव में आम के बगीचे में बलविंदर सिंह (30) पुत्र सुरजीत सिंह पेड़ से फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव को नीचे उतार कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि मृतक इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। पुलिस के अनुसार युवक के आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घरेलू कलह की वजह से युवक के आत्महत्या करना प्रतीत होता है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

# ठेके के समीप खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। देसी शराब के ठेके की पास से अज्ञात चोरों ने ताला बंद मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम बरखेड़ा पांडे थाना आईटीआई निवासी योगेश कुमार पुत्र बीरबल सिंह ने बताया कि बीते 10 जनवरी को वह आवश्यक कार्य बस मुरादाबाद रोड स्थित देसी शराब के ठेके की ओर गया था इस दौरान घात लगाए चोरों ने शराब के ठेके के समीप खड़ी उसकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके 18/5814 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। पुलिस ने घटना के लगभग 10 दिन बाद तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है।

# गढ़ीनेगी में विराट धर्म सम्मेलन 16 फरवरी से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा आश्रम के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर आगामी 16 फरवरी से 18 फरवरी तक श्री हरेश्वर महादेव मंदिर, श्री हरि कृपा



धाम, गढ़ीनेगी में विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए हरि भक्तों ने बताया कि 16 एवं 17 फरवरी को सायं 3 से 5 बजे तक महाराज जी के दिव्य प्रवचन होंगे। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी दिन शुक्रवार को प्रात: 9 बजे से अखंड मानस पाठ प्रारंभ होगा। 18 फरवरी दिन शनिवार को प्रात: 8 बजे से श्री हरेश्वर महादेव जी का महाभिषेक किया जायेगा। प्रात: 9 बजे अखण्ड मानस पाठ का समापन होगा। तत्पश्चात प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक भजन कीर्तन तथा महाराज श्री के दिव्य प्रवचन होंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ किया जायेगा। हरि भक्तों ने समस्त धर्म प्रेमी जनता से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में परिवार सहित शामिल होकर श्री गुरु महाराज जी का आर्शीवाद व धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल पॉलीशीट काठगोदाम में दो दिवसीय वार्षिक खेल कुंभ का आयोजन किया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्य श्रीमती ममता तनेजा द्वारा नील गगन में नील व श्वेत वर्ण के गुब्बारे उड़ाकर खेलों के प्रारम्भ का आगाज किया। इसी क्रम में अंतर्विद्यालयी मार्च पास्ट प्रतियोगिता इस खेल कुंभ की सफल प्रस्तुती रही, जिसका संचालन विद्यालय के खेल कप्तान एवं चारों सदनों के उपकप्तानों के द्वारा आकर्षक ढंग से किया गया और इस मार्च पास्ट के विजेता प्रथम नीला सदन व द्वितीय हरा सदन रहे। खेल कुंभ में कक्षा नर्सरी से अपर किंडर गार्टन के छात्र-छात्राओं ने क्रमश 50 मी0 दौड़, बाधा दौड़, बैलेंस रेस, ट्यूनल क्राउलिंग और पिंग-पोंग जैसे विशिष्ट व मनोरंजक खेलों में प्रतिभाग किया। इसी तरह कक्षा 1 व कक्षा 2 के लिए 50 मी0



दौड़, सॉकर कोन रेस, स्पून रेस, बॉल थ्रो तथा क्लीन यूअर वे जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों के क्रम में कक्षा 3 से कक्षा 5, कक्षा 6 से कक्षा 7 और कक्षा 8 से कक्षा 9 तक के सभी वर्गों के लिए 100 मी0 दौउ़, रिंग दौड़, धीमी साइकिल दौड़, ऊँची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक एवं रस्सा खींच जैसे एक से बढ़कर एक उत्साहवर्द्धक खेलों को इस श्रेणी में रखा गया। रस्सा खींच प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों में बालक वर्ग में नीला सदन प्रथम और बालिका वर्ग में पीला सदन प्रथम विजेता रहे। इन खेलों में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने पूरे जोश व उत्साह के साथ प्रतिभाग किया साथ ही विद्यालय के नन्हें कलाकारों नें अपनी नृत्यकला से इस खेल कुंभ को और अधिक आकर्षक बनाया व कक्षा 11 स के सुभांशु चंद्रा ने शुभांकर पांडा की वेश-भूषा से सभी का मन मोह लिया। इस वार्षिक खेल कुंभ का सफल समापन विद्यालय की चेयरपर्सन, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्या खेल विभाग के समस्त शिक्षक एवं समस्त सहायक शिक्षक- शिक्षिकाओं के योगदान से विजित प्रतिभागियों को सम्मानित व पुरस्कृत करके किया गया एवं खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उज्ज्वल कामना भी की गई।

# ई चौपाल में सुनी ग्राम सोनखरी कलां की समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने शनिवार को जिला कार्यालय से ई-चौपाल के माध्यम से विकासखण्ड सितारगंज के उप तहसील नानकमत्ता के ग्राम सोनखरी कलां की समस्याएं सुनी। मुख्य विकास अधिकारी ने राजेन्द्र सिंह की मांग पर समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि अटल आवास योजना के अन्तर्गत प्रस्ताव बना कर शीघ्र भेजे। मनोज सिंह ने अवगत कराया कि सिचांई हेतु पानी पर्याप्त मात्रा में नही मिल पा रहा है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि सम्बन्धित से वार्ता कर समस्या का तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शत्रुघन सिंह की मांग पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित



किया की शीघ्र जल जीवन मिशन की योजना से लाभार्थियों को आच्छादित करें। शिवशंकर सिंह की गौशाला निमार्ण की मांग पर उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिये कि मांग को योजना में सम्मिलित करें और पशुपालन विभाग से समन्वय बना के गौशाला का निर्माण सुनिश्चित करें। कृपाल सिंह की सड़क का डामरीकरण के मांग पर मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि डामरीकरण के बने स्टीमेट को शीघ्र शासन स्तर पर प्रेषित करें ताकि आगे की कार्यवाही और तेजी से पूर्ण हो सके। नरेश सिंह के सोलर बोर की मांग पर उन्होने लघु सिचांई विभाग के अधिकारियों किया की शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कर सोलर बोर लगवाना सुनिश्चित करें। हरविन्दर सिंह की पुल निर्माण के मांग पर उन्होने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्थलीय निरीक्षण कर स्टीमेट बना के अपने उच्चाधिकारियों को शीघ्र प्रेषित करें जिससे अग्रिम कार्यवाही मे तेजी लाई जा सके। महात्तम सिंह परगाई के सफेद राशन कार्ड की मांग पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित पूर्ति निरीक्षक को गांव में तत्काल सर्वे करें ताकि गांव में यदि कोई सक्षम व्यक्ति का सफेद राशन कार्ड हो तो उसके स्थान पर पात्र व्यक्तियों का सफेद राशन कार्ड बनवायें।

# नगर कीर्तन का जगह जगह हुआ स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा साहब माता गुजरी इंदिरा कॉलोनी से बाबा दीप सिंह गुरद्वारा नवाबगंज तक निकाले गये पैदल नगर कीर्तन का संगत द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान दीदार सिंह,प्रीतम सिंह, नत्था सिंह, बंसीलाल, लक्खा सिंह,



नरेंद्र सिंह, राजू गुंबर, राजकुमार सीकरी, रविंदर सिंह, सरदार इंदर जीत सिंह, नरेश सिंह, मनोज बठला, जतिन नागपाल, निखिल, सचिन मुंजाल, समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# चंदना मेरो पहाड़ आए ..गीत में नाचे दर्शक

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ झूले का आनंद लेने मेले में उमड़ी मेलार्थियों की भीड़ हेली सेवा के प्रति रूझान बढ़ा

बागेश्वर( उद संवाददाता)। मेला सँस्कृतियो के मिलन का प्रमुख केंद्र होता है, जहा विभिन्न सँस्कृतियो का मेले में आदान प्रदान होता है, एक दूसरे की सँस्कृतियो को लोग पहचानते है,उत्तरायणी कौतिक की शान कही जाने वाली स्टार नाइट बहस्तूर जारी है। शुक्रवार की रात लोक गायक प्रहलाद मेहरा व इंदर आर्या के नाम रही। दोनों ही ककाकारों ने लोगों का जमकर मनोरंजन किया। ठंड के बावजूद देर रात तक दर्शक जमे रहे। चंदना मेरो पहाड़ आए गीत प्रहलाद ने लोगों की फरमाइश पर सुनाया। इस पर दर्शक भी नाचते रहे। बागेश्वर के ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले में ज्यो ज्यो समापन की तिथि नजदीक आ रही है, मेलार्थियों में जोश दिख रहा है, जरूरी सामान का लोग मेले के समापन का इंतजार कर रहे है, वही मेले में अंतिम दिनों में सामान सस्ता होने की उम्मीद लोगों को रहती है, समापन 24 जनवरी को होगा। मेला समापन के अंतिम दिनों में अब मेलार्थियों की संख्या में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र के मेलार्थी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व झूले का आनंद ले रहे हैं तथा वापसी में साल भर के दैनिक उपयोग की सामग्री खरीद रहे हैं। प्रति वर्ष मेले के अंतिम दिनों में व्यवसाय में वृद्धि होती है। इस बार मेले को दस दिन का किया है 24 जनवरी को मेले का समापन होगा। ज्यों ज्यों मेले के समापन की तिथि नजदीक आ रही है त्यों त्यों मेला परवान चढ़ता जा रहा है। शनिवार को सुबह से ही मौसम साफ होने के कारण मेलार्थियों की भीड़ जुट गइ। सुबह से ही भीड़ जुटने से व्यापारियों के चेहरे खिले रहे। इस बार मेले में प्रथम बार आए हेलीसेवा के प्रति भी लोगों का रूझान दिख रहा है। दूरदराज के लोग हेली सेवा का लुत्फ उठाने के लिए लोगों में उत्सुकता दिखी, वहीलोगों में हेली सेवा का उत्साह देखकर जल्द देहरादून हल्द्वानी के लिए नियमित सेवा चलने का इंतजार है।





# प्रहलाद की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

गदरपुर( उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा करते हुए कथावाचक स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने सुंदर सृष्टि वर्णन, शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, अजामिल चरित्र, जड़ भरत चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र की कथा का वर्णन बड़े ही सुंदर शब्दों में किया, इस दौरान श्रोताओं की भारी भीड़ उपस्थित थी। कथा के मुख्य यजमान वरिष्ठ समाजसेवी रविंद्र बजाज द्वारा सपरिवार पूजा की गई, एवं प्रसाद की सेवा भी उन्हीं के परिवार द्वारा अपनी पूज्य माता जी की पुण्यतिथि पर दी गई।




# परीक्षा पर चर्चा थीम पर कला प्रतियोगिता आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा के थीम पर अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज प्रथम तथा जूनियर वर्ग में आदर्श राजकीय प्राथमिक विद्यालय पीएसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने परीक्षार्थियों का आव्हान किया कि वे प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा केवल अपने आप से करें अन्य परीक्षार्थियों से नहीं। उन्होंने कहा कि जीवन में केवल परीक्षा में अच्छे अंक अंक प्राप्त होना ही किसी के व्यक्तित्व की पहचान नहीं है। परीक्षा सभी को भयमुक्त होकर अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए होती है। लेकिन केवल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही किसी को सफल या असफल नहीं चढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को भयमुक्त परीक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मेयर रामपाल राम सिंह ने सभी परीक्षार्थियों को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बताए गए मंत्रों को आगामी 27 जनवरी को ध्यान पूर्वक सुने एवं उन्हें अपने परीक्षा काल के दौरान अपनाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में परीक्षार्थियों को परीक्षा में भयमुक्त होकर प्रतिभाग करना चाहिए। साथ ही परीक्षा हेतु स्व मूल्यांकन व आत्म चिंतन ज्यादा जरूरी है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री विकास शर्मा ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को विश्व का अद्भुत कार्यक्रम बताते हुए परीक्षार्थियों को आवाहन किया कि परीक्षा को एक भय के रूप में न देखकर एक उत्सव के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा यह कार्यक्रम भावी पीढ़ी को भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी पर बल देता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा, खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह, उप शिक्षा अधिकारी डॉ. गुंजन अमरोही, धर्म सिंह कोली, धीरज गुप्ता सहित संपूर्ण विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सभी छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा द्वारा किया गया।



# शराब समेत तस्कर गिरफ्तार, बाइक सीज

काशीपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने कच्ची शराब के एक तस्कर को दबोच कर उसके कब्जे से 85 पाउच जहरीली शराब बरामद करते हुए प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार शराब तस्कर से जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा उसका आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने ग्राम रामजीवनपुर स्थित हेमपुर डिपो के पास से ग्राम दुर्गापुर थाना कुंडा निवासी सोम सिंह पुत्र मक्खन सिंह को मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 आर/0780 पर फर्राटा भरते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 85 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए पकड़े गए शराब तस्कर से जरूर पूछताछ के बाद उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# खेल से खिलाड़ियों में आते हैं संस्कार: हेमंत शर्मा

काशीपुर (उद संवाददाता)। सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गांव हरियावाला में चल रहे सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत शर्मा सूर्या फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन ,विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार एचआर वरिष्ठ महाप्रबंधक सूर्या रोशनी लिमिटेड काशीपुर, एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष उपेन्द्र शर्मा पूर्व चेयरमैन मंडी समिति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख नीतिश कुमार ने किया गया। मुख्य अतिथि हेमंत शर्मा जी ने बताया कि हमारे जीवन में खेलकूद का बहुत ही महत्व है खेलकूद से हमारा शारीरिक और मानसिक शक्ति में असीम वृद्धि होती है। खेलकूद से बच्चों में नेतृत्व का क्षमता का विकास होता है। वही विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार जी ने बताया कि खेलकूद के माध्यम से हमारा मनोरंजन एवं व्यायाम हो जाता है जिससे हमारा शरीर स्वस्थ और फुर्तीला बनता है। खेलकूद के द्वारा शरीर का आलस्य कमजोरी तथा दुर्बलता दूर हो जाती है। सूर्य संस्कार केंद्र के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसकों सूर्या संस्कार केंद की शिक्षिका कविता सैनी ने तैयार करवाया था। खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 10 गांवों ने सहभागिता लिया। इन सभी गांव से क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, दौड़, सूर्या नमस्कार, निम्बू चम्मच दौड़, रस्साकस्सी जैसी प्रतियोगिता में कुल 465 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें विजेता टीम और उप विजेता टीम को पुरूस्कार दिया गया। इस मौके सूर्या फाउंडेशन सिंह भरत शाह, हिमांशु, जेएफसी, सुनील, रणधीर सिंह सैनी, विश्वराज, सौरव, विकास, रवि, प्रीतम शुभम,नेहा, सचिन गौरव आदि उपस्थित रहे।




# कैंसर से पीड़ित महिला का किया सफल इलाज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दिल्ली एनसीआर स्थित वैशाली स्थित मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स नेटेलर्ड ट्रीटमेंट पद्धति से सर्जरी कर स्थानीय 57 साल की महिला की जान बचाई। जिसके एडवांस्ड गॉल ब्लैडर कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था। पत्रकार वार्ता मेंमैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल वैशाली के गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंड हेपेटोपैनक्रिएटोबिलिअरी सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉक्टर विवेक मंगलाने बताया कि महिला के बायोप्सी टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव थी और उसके एडेनो कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था। महिला की पीईटी सीटी कराई गई जिसमें लिवर के दाहिने साइड की रक्त कोशिका में लिम्फ नोड्स के साथ ही एक बड़ा अवशिष्ट ट्यूमर दिखाई दिया। उन्होंने बताया कॉमन बाइल डक्ट एक्सीजन और डुओडेनल स्लीव रिसेक्शन के साथ मरीज की एक्सटेंडेड राइट हेपेटेक्टोमी सफलतापूर्वक पूरी की गई।ऑपरेशन के बाद मरीज ने अच्छी तरह से रिकवरी की है और वह ट्यूमर मुक्त है। जीवन के लिए इस तरह की खतरनाक बीमारी जिसमें हर गुजरते दिन के साथ मेटास्टेसिस के कारण स्थिति खराब होती जाती है। जल्द उपचार सबसे महत्वपूर्ण फैक्टर्स में से एक है। ये बहुत महत्वपूर्ण है कि कोलेस्टेक्टोमी के जरिए हटाए जाने वाले हर गॉल ब्लैडर को बायोप्सी टेस्ट के लिए भेजा जाता है और करीब एक फीसदी मरीजों में ही हिडन कैंसर हो सकता है।अगर इस स्तर पर भी बीमारी का पता चले तो उपचार किया जा सकता है। उन्होंने बताया एक मरीज के लिए एडवांस्ड ट्रीटमेंट की योजना बनाने के अप्रोच से परिणाम काफी बेहतर हो सकते हैं। पेट में दर्द, त्वचा या आंखों के सफेद हिस्से का पीले में तब्दील होने लगना, त्वचा में खुजली, पेशाब का गहरा रंग, सामान्य से अधिक पीला मल, भूख न लगने के साथ ही वजन में अचानक गिरावट आने लगना गाल ब्लैडर के कैंसर के लक्षण हैं। डा. मंगला ककहने था देश भर में कैंसर के मरीजों का उपचार करने के कई दशक के अनुभव के साथ मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, वैशाली मरीजों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में हमेशा अग्रणी रहा है।




# अफीम के खेत स्वामी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

किच्छा( उद संवाददाता)। पुलिस ने अफीम की खेती किये जाने की सूचना पर दबिश दे 9. 38 किग्रा अफीम के पौधे बरामद कर लिए। पुलिस ने खेत स्वामी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली में पर्दाफाश करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया शुक्रवार को कलकत्ता फार्म चौकी अंतर्गत ग्राम सूर्यनगर में अफीम की खेती की सूचना पर पुलिस हरकत में आ गयी। सीओ ओमप्रकाश शर्मा, प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ ग्राम कलकत्ता फार्म पहुंच कर घेराबंदी कर दी। पुलिस ने घर से निकल रहे खेत स्वामी को मौके पर ही पकड़ लिया। उसने अपना नाम कुलदीप सिंह पुत्र मलूक सिंह निवासी ग्राम कलकत्ता फार्म चौकी कलकत्ता फार्म थाना किच्छा बताया। उसके द्वारा घर के आंगन में ही अफीम की खेती की गई थी। पुलिस द्वारा करवाई गई खेत की नपाई में 26ग्14 क्षेत्रफल में अफीम की खेती होती पाई गई। आरोपित लंबे समय से चोरी छिपे अफीम की खेती कर रहा था। पुलिस ने खेत मे लगे अफीम के पौधे तुड़वा कर उसका वजन करवाया तो वह 9.38 किग्रा बैठा। पुलिस ने बरामद अफीम को दो कट्टो में भर कर सील कर दिया। 2022 में भी किच्छा के बंडिया क्षेत्र में पुलिस ने अफीम की खेती पकड़ी थी। पुलिस ने कुलदीप सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## परीक्षाओं की तैयारी

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि विकिपीडिया जैसे सूचनात्मक मंचों पर आंख बंद करके भरोसा नहीं कर सकते। उन पर भ्रामक सूचनाएं हो सकती हैं। हालांकि अदालत ने यह बात कानूनी मामलों के मद्देनजर कही और न्यायिक अधिकारियों को ऐसे स्रोतों के उपयोग को लेकर आगाह किया है, पर इसे व्यापक संदर्भ में लेने की जरूरत है। आजकल तथ्यों के लिए विकिपीडिया जैसे मंचों पर अध्येताओं, व्यावसायिक गतिविधियों, शैक्षणिक कार्यक्रमों की निर्भरता लगातार बढ़ती गई है। ऐसे में अगर यह मंच इतना गैर-भरोसेमंद माना जा रहा है, तो यह गंभीर बात है। बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे मंचों के सहारे विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करते देखे जाते हैं। मगर इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि विकिपीडिया पर बहुत सारे तथ्य गलत या भ्रामक पाए जाते हैं। इसकी एक वजह स्पष्ट है कि इस मंच ने संपादन की सुविधा खुली छोड़ रखी है। कोई भी वहां जाकर तथ्यों को सुधार सकता है। तथ्यों में उलट-फेर कर सकता है।बहुत पहले इसके कई बड़े उदाहरण देखने को मिल चुके हैं। गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल जैसी शख्सियतों के जीवन से जुड़े अनेक भ्रामक तथ्य उन पर परोसे गए हैं। एक सामान्य अध्येता ऐसे तथ्यों को पकड़ नहीं पाता और उसके मन में कई तरह के दुराग्रह पनप सकते हैं। खासकर कानूनी मामलों में अगर विकिपीडिया जैसे मंचों पर गलत और भ्रामक तथ्य परोसे जाते हैं और उनका उपयोग किसी मामले को सुलझाने के लिए किया जाता है, तो उससे आने वाले समय के लिए गलत नजीर भी बनती है। इसलिए कानून की अधिकृत पुस्तकें ही इस मामले में प्रामाणिक मानी जानी चाहिए। लेकिन आज जिस तरह युवा पीढ़ी पढ़ाई-लिखाई को लेकर इंटरनेट पर निर्भर होती गई है।वह अपनी हर जिज्ञासा को लेकर तुरंत इंटरनेट खंगालना शुरू कर देती है, खासकर विकिपीडिया जैसे ज्ञानकोश पर आंख मूंद कर भरोसा कर लेती है, उसे खतरनाक नतीजे भी भुगतने पड़ सकते हैं। उस पर भरोसा करके अगर उसने किसी सवाल का गलत जवाब दे दिया, जो अधिकृत पुस्तक में छपे तथ्य से मेल नहीं खाता, तो उसे नुकसान हो सकता है। जिन प्रतियोगी परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन की व्यवस्था है, उनमें भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। इस तरह सर्वोच्च न्यायालय की ताजा टिप्पणी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह सही है कि प्रामाणिक पुस्तकों का विकल्प दूसरा कोई माध्यम नहीं हो सकता, पर पिछले कुछ सालों में जिस तरह इंटरनेट एक सशक्त शिक्षा माध्यम के रूप में उभरा है, उसमें ज्ञान की दुनिया का खासा विस्तार हुआ है। पीडीएफ रूप में और किंडल आदि पर पुस्तकें पढ़ने की सुविधा उपलब्ध है। तमाम शैक्षणिक संस्थान अपनी पाठ्य और सहायक पुस्तकें इंटरनेट पर डालते हैं। ई-पाठशाला जैसी व्यवस्थाएं हैं। मगर इसके समांतर इंटरनेट पर बहुत सारे ऐसे मंच सक्रिय हैं, जो बड़े पाठक समुदाय को आकर्षित करने और लाभ कमाने के लोभ में चल रहे हैं। उन पर परोसी जाने वाली बहुत सारी सामग्री अपुष्ट और अप्रामाणिक है। इसे रोकने की जरूरत लंबे समय से रेखांकित की जा रही है। किसी भी माध्यम से गलत तथ्य और भ्रामक जानकारियां उपलब्ध कराना एक प्रकार का अपराध है।

# शरीर ने मिट्टी हो जाना है अहंकार को छोड़ो!



इंसान का कुछ नहीं होगा, वह मिट्टी हो जाना है,क्यों लग रहा है कि तुम इतनी बड़ी चीज हो कि तुम्हारा मरने के बाद भी कुछ होगा? मरने से पहले तो तुम्हारा कुछ हो नहीं पाया! मरने के बाद क्या होगा? अजीब गुमान है। मरने से पहले तुम कोई भी बड़ी चीज बन पाए क्या? तो मरने के बाद भी तुम बहुत बड़े कैसे बन जाओगे? हमारा जो व्यक्तिगत अस्तित्व है न, उसे राख हो जाना है। व्यक्तिगत अस्तित्व को कहते हैं व्यष्टी। क्या कहते हैं? व्यष्टी, और प्रकृति में ये जो कुल अस्तित्व है, सब कुछ, इसे कहते हैं ख्र समष्टि। समष्टि का पुनर्जन्म चलता रहता है लगातार। तो पुनर्जन्म झूठ नहीं है। यह मत कह देना कि मैं पुनर्जन्म से इंकार करता हूँ, नहीं। मैं व्यष्टी के पुनर्जन्म से इंकार करता हूँ। पुनर्जन्म समष्टि का होता है। समष्टि माने सब कुछ। समष्टि माने समझ लो जैसे -पहले भी मैंने यही उदाहरण देकर समझाया है, सबसे उचित उदाहरण यही है तो फिर से दिए देता हूँ -समष्टि माने समझ लो सागर, और व्यष्टी माने समझ लो सागर की एक लहर। तो सागर बार-बार लहराता रहेगा। लहरों का बार-बार सागर में जन्म होता रहेगा। लहर उठेगी, लहर गिरेगी; लहर उठेगी, लहर गिरेगी। लेकिन जो व्यष्टी है, जो एक विशिष्ट लहर है, वह नहीं लौट कर आने वाली। वह एकदम नहीं लौटकर आने वाली। तो अगर तुम पूछ रहे हो, मान लो तुम्हारा कुछ नाम है राजू, कि, ष्राजू का क्या होगा मरने के बाद?ष राजू खत्म हो गया। राजू का कोई पुनर्जन्म नहीं है। हाँ, समष्टि का पुनर्जन्म जरूर है। पुनर्जन्म से इंकार नहीं है। राजू के पुनर्जन्म से इंकार है। तो राजू इस धोखे में बिलकुल ना रहें कि वह कहीं लौटकर के आएँगे कि आगे कुछ होने वाला है। जैसे जीना है अभी जी लो। तुम्हारा कुछ नहीं बचने वाला मृत्यु के बाद। पुनर्जन्म एक बहुत ऊँचे तल पर होता है, तुम्हारे तल पर नहीं होता।तुम, जो तुम्हारी व्यक्तिगत सत्ता थी ख्र तुम, तुम्हारा जीवन, तुम्हारे अनुभव, तुम्हारी यादें, यह सब तुम्हारे साथ ही नष्ट हो जाना है। तुम्हारा चेहरा अब लौटकर के नहीं आएगा। तुम्हारी यादें अब लौटकर के नहीं आएँगी। तुम्हारा जो व्यक्तिगत अहंकार है, वह लौटकर के नहीं आएगा। हाँ, अहं-वृत्ति अपना खेल खेलती रहेगी। उसका पुनर्जन्म बार बार होता रहेगा, अहम्-वृत्ति का तुम्हारे व्यक्तिगत अहंकार का नहीं। अहं- वृत्ति का पुनर्जन्म होता रहेगा माने क्या? जो अहं-वृत्ति तुममें आज पाई जाती थी वही कल किसी और में पाई जाएगी। देखो वह फिर आ गई, वह देखो फिर आ गई, वह बार-बार आती रहेगी। लेकिन जो चीज तुममें थी, जो तुम बने बैठे थे वह नहीं लौटकर के आने वाली, उसका कुछ नहीं है। हमने बड़ी भूल करी है जो पुनर्जन्म की बात को ठीक से समझे नहीं। और ठीक से ना समझने का भुगतान सनातन धर्म ने और भारत देश ने खूब चुकाया है। बहुत ऊँचा है पुनर्जन्म का सिद्धांत, बहुत गहरी बात कही गई है जब कहा जाता है कि पुनर्जन्म है। लेकिन हमने उस गहरी बात को व्यक्ति के तल पर लाकर के बिलकुल छिछला बना दिया। हमने कहना शुरू कर दिया कि राजू है, राजू का पुनर्जन्म होगा तो वह कुछ और बन जाएगा। वह बात बिलकुल बेकार है। फिर इसी से संबंधित सवाल आ जाते हैं। कहते हैं ख्र अच्छा अगर मरने के बाद हम बचेंगे ही नहीं तो फिर तो हम कैसी भी हरकतें करें जिन्दगी में क्या फर्क पड़ता है। हाँ, मरने के बाद तुम बचोगे नहीं पर जो भी तुम हरकतें करते हो उनका परिणाम तुम्हें हरकत करने के साथ ही मिल जाता है। घटिया हरकत करने के लिए तुम्हें घटिया आदमी होना पड़ता है, और यही लो तुमको मिल गई न सजा। तुमको इस जन्म में किए हुए पाप का परिणाम अगले जन्म में थोड़े ही भुगतना पड़ेगा। इस जन्म में पाप करते हो तो उसका तुमको दण्ड पाप करने के साथ ही बल्कि पाप करने से पहले मिल जाता है क्योंकि पाप करने के लिए तुम्हें पापी होना पड़ता है और पापी होना अपने-आपमें एक बहुत बड़ी अंदरुनी सजा है। तुम कहोगे, ष्इतने लोग इतना पाप करते हैं लेकिन हमने तो उन्हें कभी दुःख में देखा नहीं। तुमने उन्हें दुःख में नहीं देखा तो क्या हो गया? तुम्हें देखना आता कहाँ है। तुम्हें अपना भी दुःख कहाँ पता है। तुम्हें लग रहा है कोई आदमी हँस रहा है इसका मतलब दुःख में नहीं है, कोई आदमी गुलछर्रे उड़ा रहा है इसका मतलब दुःख में नहीं है। नहीं साहब, हो सकता है कोई पाप करे और गुलछर्रे उड़ा रहा हो। तुम उसके आंतरिक दुःख की कल्पना नहीं कर सकते क्योंकि तुम अभी इतने सजग, इतने सचेत नहीं हो कि समझ पाओ कि गुलछर्रे उड़ाने में भी कोई आदमी भीतर से कितना कराह रहा होगा, कितना रो होगा। और उस व्यक्ति को स्वयं भी नहीं पता होगा कि वह कितना दुखी है क्योंकि वह भी इतना सचेत नहीं है। हो सकता है कि उसको स्वयं भी लग रहा हो कि, ष्अहा मैं तो मजे मार रहा हूँष वह मजे नहीं मार रहा है, वह नर्क झेल रहा है। तो यह तो कहो ही मत कि अगर पुनर्जन्म नहीं होता व्यक्ति का तो फिर पाप करे या पुण्य क्या फर्क पड़ता है। नहीं, पाप करते हो तो तत्क्षण सजा मिल जाती है क्योंकि तुम पापी बन गए, और पुण्य करते हो तो तुम्हें तत्क्षण उसका पुरस्कार मिल गया क्योंकि पुण्य करने के लिए तुमको चेतना की एक ऊँची अवस्था में होना पड़ता है। चेतना की जिस ऊँची अवस्था में जा कर जो तुमने पुण्य किया वह ऊँची अवस्था अपना पुरस्कार आप है। लो मिल तो गया तुमको पुरस्कार, और क्या चाहिए तुमको। वैसे ही पूछते हैं फिर कि ष्तो मर कर तो सभी को मुक्ति मिल जाती है? मुक्ति इसलिए नहीं है कि मर कर के मिल जाएगी। सनातन धर्म ने तुमको सिखाया है जीवन मुक्त होना, और यह जीवन मुक्ति की बात सबसे विशेष है सनातन परम्परा में। सबसे विशेष बात है जीवन मुक्ति। जीवन मुक्ति का अर्थ है ख्र यह जीवन यह सम्भावना रखता है अपने-आपमें कि तुम जीते जी मुक्त हो जाओ। मर कर मुक्ति मिली तो काहे की मुक्ति, किस को मिली मुक्ति? कौन उस मुक्ति में आनंदित होगा? तुम तो मर गए। बात तो तब है जब जीते-जी मुक्त हो जाओ, उसे कहते हैं जीवन मुक्त, और जीवन मुक्त होना जीवन का परम् लक्ष्य है। तो मरने पर इतना ध्यान मत दिया करो कि, मर कर मुक्ति मिलेगी क्या? मरने के बाद क्या होता है? मरने के बाद अगला जन्म क्या होगा? तुम अभी जो चल रहा है तुम्हारे साथ उस पर जरा ध्यान दो क्योंकि तुम्हारा सारा कष्ट, तुम्हारी सारी पीड़ा तुम्हारे वर्तमान में है। अपनी जिंदगी को, अपनी रोज की जिंदगी को गौर से देखो, और वहाँ जो तुम्हारे बंधन है उनको काटो। यही तुम्हारी मुक्ति का रास्ता है। आगे-पीछे की बात इतनी करना बंद करो। तुम्हारे अगले जन्म की कल्पना तुम्हारे काम नहीं आने वाली। इस जन्म के यथार्थ पर ध्यान दो पहले।

**आचार्य प्रशान्त**
**वेदांत मर्मज्ञ, लेखक**







# छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देकर किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। दो दिवसीय एडोलसंस वर्कशॉप का आयोजन राजकीय उच्चतर माध्यमिक केस विद्यालय जगदीशपुर तहसील गदरपुर में किया गया। जिसमें बालिकाओं के लिए विशेष कार्यशाला संपन्न हुई जिसके माध्यम से छात्राओं को किशोरावस्था में जो कि जीवन का सबसे कठिन काल है में होने वाले शारीरिक परिवर्तन को समझना, उनका सामंजस्य करना और चुनौतीपूर्ण स्थितियों से निपटने के लिए अपने को तैयार करना और सफलतम जीवन जीना आदि बातों को जानने एवं समझने के लिए कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भास्करानंद पांडे बीईओ गदरपु, विशिष्ट अतिथि विजय शंकर सीआरपी जगदीशपुर ,मुख्य संदर्भ दाता डॉ. रेखा महिला चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर,श्रद्धा रानी प्रध ानाचार्य राजकीय प्राथमिक विद्यालय ध ामिरीखता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के डॉ. विकास सचान, फार्मासिस्ट के एन जोशी, सुशील कुमार




त्रिपाठी प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर,नोडल अधिकारी शोभा रानी,व्यवस्थापक एवं कार्यक्रम संचालक राजेंद्र सिंह सहायक अध्यापक द्वारा कार्यक्रम के दौरान पूर्ण सहयोग किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य बिंदु के रूप में मुख्य संदर्भ दाता द्वारा पीपीटी के माध्यम से किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तौर पर अपने को कैसे व्यवस्थित किया जाए ,इस पर विस्तार से चर्चा सभी वक्ताओं द्वारा की गई कार्यशाला के दूसरे दिन छात्र- छात्राओं द्वारा ग्रुप एक्टिविटी रोल प्ले और क्विज संदर्भ दाताओं द्वारा कराई गई साथ ही समस्त छात्राओं को सेनेटरी पैड, आयरन, विटामिन एवं कैल्शियम की गोलियों का वितरण करते हुए प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी द्वारा समस्त आगंतुकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया जिसमें प्रतिभागी कक्षा 6 से 10 तक की छात्राओं की संख्या लगभग 125 रही। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती रेशमा, पीटीए अध्यक्ष श्रीमती विशुका, जयप्रकाश, धर्मवीर सिंह, राजकुमार जोशी, हिमांशु जोशी, शशि सचान ,अमिता मेहरा ,नीरा देवी,बबीता गुप्ता आदि के अलावा बच्चे मौजूद थे।

# जापान शितोरियू कराटे डू फेडरेशन के खिलाड़ियों ने जूडो में जीते चार स्वर्ण पदक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जापान शितोरियू कराटे डू फेडरेशन के खिलाड़ियों ने खेल महाकुंभ उत्तराखंड की राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में चार स्वर्ण 1 सिल्वर व एक कांस्य पदक अर्जित कर अपने जिले का नाम रोशन किया। सिहान मो. हसन खान ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेताओं की बालिका वर्ग स्पर्धा में आर्य धीमान,ओजस्वी परिहार, यशस्वी चौहान व



हर्षिता चौधरी कांस्य पदक,बालक वर्ग में अभियुदित पंवार स्वर्ण पदक,रजत पदक विजेता आर्ष धीमान। सभी विजेता खिलाड़ियों को सिहान मो. हसन खान द्वारा पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेंसेई राजवीर सिंह, सेंपाई दीक्षा बघेल,सेंपाई आरव अरोरा एवं अभिभावकगण एवम् जूडो कराटे परिवार से सीनियर व जूनियर खिलाड़ी उपस्थित थे। सभी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# यूनीपोल का विवाद और उलझा: तुलियन बुक्सा धर्मशाला पदाधिकारियों ने किया विरोध

गदरपुर(उद संवाददाता)।गत सप्ताह से चल रहे यूनीपोल विवाद का मामला सुलझने के बाद नई समस्या सामने आने से यूनीपोल मामला फिर उलझ गया है। नगर पालिका द्वारा यूनीपोल के स्थान को बदलने पर तुलियन बुक्सा धर्मशाला के पदाधिकारियों ने विरोध जताया है। शनिवार को तुलियन बुक्सा ध र्मशाला के अध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि जिस रास्ते के मुख्य द्वार पर नगर पालिका द्वारा यूनीपोल लगाया जाना प्रस्तावित है वह रास्ता धर्मशाला तथा पालिका का संयुक्त रास्ता है। उन्होंने कहा यदि नगरपालिका को किसी भी प्रकार का कोई भी यूनीपोल लगाना है तो नगरपालिका इसे अपने गेट पर लगाए। फूल सिंह ने यूनीपोल का विरोध करते हुए कहा कि धर्मशाला को आने वाला रास्ता बेहद संकरा है। ऐसे में यूनीपोल के लगने से रास्ते से गुजरना काफी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा, इस संबंध में अन्य पदाधिकारियों के साथ एसडीएम से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञात हो कि नगर पालिका द्वारा पालिका के गेट पर लगाए जा रहे यूनीपोल को लेकर व्यापारियों की पालिका कर्मियों से मामूली कहासुनी हो गई थी। जो देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई। यूनीपोल का विरोध करने पर सफाई कर्मियों ने कार्य बहिष्कार करने की घोषणा करते हुए 2 सभासदों, एक नामजद सभासद सहित 6 व्यापारियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी , जिसके विरोध में व्यापारियों ने भी थाने का घेराव करते हुए लगाए गए आरोपों को निराधार बताया , साथ ही व्यापार मंडल ने व्यापारियों के उत्पीड़न पर बाजार बंद करने की चेतावनी भी दी थी। सफाई कर्मियों के कार्य बहिष्कार से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई और शहर के तमाम हिस्सों में कूड़े के ढेर लग गए कचरे की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने दोनों पक्षों में राजीनामा करा दिया था जिसके बाद सफाई कर्मी हड़ताल समाप्त कर वापस लौट गए अब देखना होगा कि पूरे मामले में ध र्मशाला के रास्ते को लेकर प्रशासन नगर पालिका क्या फैसला लेती है या तो आने वाला समय ही तय करेगा।

# बर्फ से लकदक हिल स्टेशनों में बढ़ी पर्यटकों की आवाजाही

देहरादून। उत्तराखंड के प्रमुख हिल स्टेशन बर्फ से लकदक हो चुके हैं। जिसके चलते अन्य राज्यों समेत स्थानीय पर्यटक भी हिल स्टेशन का रुख कर रहे हैं। चकराता, धनोल्टी आदि स्थलों में बड़ी संख्या में पर्यटक वीकेंड की छुट्टी मनाने पहुंच गए हैं। हालांकि, इस दौरान अचानक यातायात का दबाव बढ़ने से जाम की समस्या पैदा हो रही है। मसूरी और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को दिनभर जाम ने हलकान किया। उधर, नैनीताल में भी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। धनोल्टी और आसपास के ऊंचाई वाले इलाकों में बीते रोज हुए जोरदार बर्फबारी के बाद आनंद लेने भारी संख्या में पर्यटक शनिवार को धनोल्टी-बुरांशखंडा पहुंचे। कद्दूखाल, आलू फार्म , सुवाखोली आदि में दिनभर पर्यटक मस्ती करते नजर आए। वहीं, मसूरी में भी बीते सप्ताह के मुकाबले पर्यटकों की आमद बढ़ी है। मसूरी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि शनिवार शाम तक मसूरी के होटलों में 30 से 40 प्रतिशत तक आक्यूपेंसी रही। ध नोल्टी-बुरांशखंडा में उमड़े पर्यटकों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई और मीलों लंबा जाम लगा रहा। दिनभर सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगी रही। उधर, चकराता की पहाड़ियों पर भी सैलानियों ने जमकर मस्ती की। रविवार को पर्यटकों की आमद और बढ़ने की आशंका है। जिसके चलते मसूरी के आसपास जाम की समस्या बढ़ सकती है। शनिवार को नैनीताल में पूरे दिन चटक धूप खिली रहने से मौसम सुहावना बना रहा। वीकेंड पर पर्यटकों की भीड़ भी उमड़ी। पर्यटकों ने मौसम का भरपूर लुत्फ उठाया। जोशीमठ आपदा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा से नैनीताल के पर्यटकों की आमद कुछ कम हो गई थी। जिससे कारोबारी चिंतित हो गए थे। शनिवार को सुबह से दोपहर बाद तक पर्यटक वाहनों का शहर में प्रवेश होता रहा। चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन, स्नोव्यू, बारापत्थर आदि पर्यटन स्थलों में चहल-पहल रही। मल्लीताल पंत पार्क से लेकर तिब्बती, भोटिया बाजार व बड़ा बाजार में पर्यटकों की आवाजाही नजर आई।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से किशोरी की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के बाद एकिशोरी की मौत हो गई। जिसके बाद



मृतका के परिजनों में जहां एक और कोहराम मचा हुआ है तो वहीं परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। रामनगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार झोलाछाप डॉक्टर गरीबा मासूमों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कई बार अभियान भी चलाया गया लेकिन उसके बाद भी लगातार यह झोलाछाप डॉक्टर गरीबों की जिंदगी को दांव पर लगा रहे हैं पूर्व में भी सप्ताह भर पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाया गया था लेकिन मात्र अभियान 1 दिन का ही चलाने के बाद स्वास्थ्य विभाग खामोश बैठ गया झोलाछाप डॉक्टरो द्वारा लगातार गरीबों व मासूमों की जिंदगी के साथ हो रहे खिलवाड़ के चलते अब स्वास्थ्य विभाग पर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र के भगतपुर मड़ियाल निवासी 16 वर्षीय दीपिका नेगी को 2 दिन पूर्व पीलिया की शिकायत हुई थी जिसके बाद परिजन इस किशोरी को पीरु मदारा में स्थित बंगाली क्लीनिक पर ले गए थे जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा इस किशोरी का उपचार करने के बाद उसे एक इंजेक्शन लगाया गया था जिसके बाद किशोरी की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। मामले में मृतका की चाची बीना नेगी ने बताया कि उसकी भतीजी की हालत बिगड़ने के बाद शनिवार को पुन: वह उसे उपचार के लिए बंगाली डॉक्टर के पास ले गए तो उसने कहा कि फोड़ा फुंसी होने के कारण इसके पैर में सूजन आई है लेकिन किशोरी की हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन काशीपुर के प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन इसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए यहां भी चिकित्सकों ने इस किशोरी को मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित मृतका के परिजनों व ग्रामीणों ने उक्त झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर पहुंचकर नाराजगी भी व्यक्ति की लेकिन उससे पहले यह झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंच गई । परिजनों ने चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम आशीष कुमार बेहड़ पुत्र श्री रामचद्र बेहड़ एवं कुछ अभिलेखों में आशीष कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र एवं कुछ अभिलेखों में आशीष बेहड़ पुत्र श्री रामचन्द्र बेहड़ है।इस प्रकार से आशीष कुमार बेहड़, आशीष कुमार और आशीष बेहड़ पुत्र श्री रामचन्द्र एवं रामचन्द्र बेहड़ तीनों नाम मेरे ही हैं जो कि सही व सत्य है।

आशीष कुमार बेहड़ पुत्र स्व. श्री रामचन्द्र बेहड़,निवासी पंजाबी कालोनी, 16/56 गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

## पेज एक का शेष...

**कार्यकर्ता ही भाजपा की..**इकाई से लेकर बूथ तक कि इकाई का गठन होना शेष है , बिष्ट ने बताया आगामी 30 जनवरी तक प्रदेश नेतृत्व ने बूथ शक्ति केंद्र तक तक टीम गठन का लक्ष्य रखा है । उन्होंने कहा भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और हमारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र है कि बूथ जीता चुनाव जीता के साथ लगातार जनता के बीच मे कार्य करती रहती है और निश्चित रूप से प्रदेश में निकाय चुनाव आने वाले हैं जिसके मध्यनजर संगठन की रचना की जा रही है और उसके बाद देश मे लोकसभा चुनाव होने हैं जिसके लिये भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने अपनी कमर कस ली है और हमको विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी अपने बूथ के कार्यकताओ के दम पर लोकसभा निकाय चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी। बैठक में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी पुष्कर काला ने भी कार्यकताओ को कहा आगामी 29 जनवरी को प्रदेश की कार्यसमिति होनी है और उसके बाद जिले से लेकर मण्डल स्तर तक कि कार्यसमिति होगी उन्होंने बताया 27 जनवरी को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम भी हर विध ानसभा में होना है जिसको लेकर तैयारी पूर्ण कर ले और जिसमे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बच्चो के साथ संवाद होगा और जिसमें परीक्षा में तनावरहित रहने का मंत्र प्रधानमंत्री द्वारा दिया जायेगा । प्रभारी काला ने बताया कि भाजपा में पूरे साल लगातार राष्ट्रवाद के संकल्प को लेकर सदैव जनता के बीच मे लगी रहती है और यही कारण है कि देश से लेकर अनेको प्रदेशो में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। काला ने कहा गुजरात चुनाव की तर्ज पर पन्ना प्रमुख तक कि योजना को लेकर हमने कार्य करना है , उन्होंने कहा हर 15 लोगो के पन्ने पर पार्टी अपना प्रमुख बनाएगी निश्चित रूप से गुजरात चुनाव की प्रचंड विजय का मंत्र यही रहा कि पन्ना प्रमुख की योजना पर कार्य करना जिसके बल पर प्रदेश में निकाय ओर देश मे लोकसभा चुनाव लड़े जायेगें। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने सभी मण्डल अध्यक्षो को उनके उज्जवल कार्यकाल के लिये शुभकामनाएं दी और कहा के मण्डल का अध्यक्ष संगठन की महत्वपूर्ण कढ़ी है और आपके सभी के सुझावों से ही आने वाले चुनाव की रचना बननी है। वही क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कहा भाजपा में हर कार्यकर्ता का समान है जिसका उद्धरण वह स्वयं है पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव में उनपर विश्वास व्यक्त किया और जनता के सहयोग से रुद्रपुर में प्रचंड जीत हासिल की, उन्होंने कहा भाजपा पार्टी में कार्य करने वाला देश के नेतृत्व से लेकर प्रदेश तक का नेतृत्व कर रहा है। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री सह प्रभारी गुरविंदर चंडोक, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश मंत्री लीलावती राणा, हेमा जोशी, दिनेश आर्य, मेयर रामपाल, नेत्रपाल मौर्य, उत्तम दत्ता , सुरेश परिहार, अमित नारंग, सतीश गोयल, राजेश तिवारी, इंद्रपाल, रामप्रकाश गुप्ता, परवेज खान, मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, अक्षय अरोरा, हरीश भट्ट, मनमोहन सक्सेना, अनिल यादव, आदेश चौहान, उमेश मिश्रा, विष्णु प्रामाणिक, ध्रुव सिंह राणा, सोमनाथ मौर्य, जीवन ध ामी, विक्रम भाट,, विमला बिष्ट शालनी बोरा, रश्मि रस्तौगी, फरजाना बेगम, मयंक कक्कड़,मोहिनी पोखरिया, नीता सक्सेना, आयुष चिल्लाना, विजय डे, राधेश शर्मा, तरनजीत, देवी मण्डल श्वेता मिश्रा व अन्य लोग मौजूद रहे।

**प्राधिकरणों में बंद हो...**उत्पीड़क बनेंगे तो लोग फिर विरोध करेंगे। फिर आज की सरकार के पास इस व्यवस्था के लिए मैन पावर है ही कहां। हरदा ने कहा यदि प्राधिकरण लूटपाट के माध्यम बन जाएं। जैसा भाजपानित शासन में प्राधि करणों ने लूटपाट प्रारंभ कर दी थी। सैकड़ों, करोड़ रुपया लोगों का प्राधिकरणों की जेब में चला गया। उसके कारण लोगों में विरोध पैदा हुआ। सरकार यदि राज्य के सुनियोजित विकास के लिए कोई कदम उठाती है तो मुझे कम से कम आपत्ति नहीं है। लेकिन मैकेनिज्म ऐसा होना चाहिए जो लूटपाट आधारित न हो, सुनियोजित विकास आधारित हो। हमने एक प्राधिकरण का शासनादेश निकाल दिया, उससे काम नहीं चलने जा रहा है। हरदा ने कहा मैं राज्य सरकार से आग्रह करूंगा कि इस दिशा में भाजपा के अंदर चल रही अंतर कलहयुक्त विवाद से हमारा कोई मतलब नहीं है। मगर हमारा मतलब इससे है कि राज्य को जो भी संस्था मिले, वह सुव्यवस्थित हो और आगे के लिए दिशा बोधक हो।

**ढाई किलो चरस..**बिष्ट, निवासी ग्राम व पो0 परवड़ा, तहसील धारी, जिला नैनीताल के कब्जे से 1.204 किग्रा अवैध चरस बरामद की। दोनों के खिलाफ सम्बंधि त धाराओं में केस दर्ज किया गया है। प्रभारी एस0ओ0जी0 सुनील धानिक ने बताया कि आरोपी अपने आस-पास के गाँवो से चरस इकट्ठा करके तराई की तरफ ले जाकर थोड़ा- थोड़ा बेचकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते थे। बरामद चरस की कीमत 2,50,700 रुपये आंकी गयी है। एसएसपी ने चरस तस्करों को पकड़ने वाली टीम को पांच हजार रूपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। टीम में प्रभारी एएनटीएफ सौरभ भारती के अलावा कानि0 राकेश भट्ट ,कानि0पवन थ्वाल, हरदीप सिंह आदि शामिल थे।

**पिता पुत्र पर धोखाधड़ी...**ऑफिस से प्राप्त हुई। उसे कम्पनी से 2 वर्ष से कोई भी आमदनी नहीं हुई है। जगदीप सिंह व त्रिप्तवीर सिंह ने उसे तथा उसके पुत्र को मानसिक व आर्थिक हानि पहुंचाई है साथ ही कानूनी कार्यवाही करने पर धमकी दी गई है। दर्ज रपट में करमजीत सिंह ने आरोपियों पर उसके 18 ट्रेलर गलत तरीके से हड़प लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**धोखे से बुलाकर...**में ले गये । जहाँ उसे डन्डे लाठी, लोहे की रोड व बेल्टो से मारकर अधमरा कर दिया। जब वह बेहोश हो गया तो उक्त लोगो ने उसे मरा जानकर रोडवेज के पास कार से रोड पर फेंक कर चले गये । कुछ समय बाद होश में आने पर उसने अपने परिवार वालो को फोन किया । जो उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**खाई बाड़ी करता...**कोली पुत्र मुकेश कुमार कोली निवासी वार्ड 24 रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टापर्ची व कुल 1580 रुपये नगद बरामद हुए । पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
MICROWAVE OVEN
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
IndusInd Bank
YES BANK
citi
HDFC BANK
AMERICAN EXPRESS
AXIS BANK
Bank of Baroda
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)